Seventeenth Loksabha

an>

Title: Distribution of poisonous alcohol in Bihar despite of ban on Alcohol in the State

डॉ. संजय जायसवाल (पश्चिम चम्पारण): महोदय, बिहार राज्य में सरकार द्वारा प्रायोजित 37 हत्याएं हुई हैं। … (व्यवधान) बिहार में शराबबंदी है। … (व्यवधान) वर्ष 2016 से हम लगातार यह मुद्दा उठाते रहे हैं कि यह पूरी पुलिस की मदद से, पुलिस के द्वारा प्रायोजित ज़हरीली शराब और शराब का पूरे बिहार में घर-घर वितरण हो रहा है। माननीय मुख्य मंत्री जी इसका संज्ञान नहीं लेते हैं और यह कहते हैं कि जो शराब पिएगा, वह मरेगा, जो शराब पिएगा, वह जेल जाएगा और जो शराब बेचेगा, वह हमारा टिकट पाएगा, वह हमारा उम्मीदवार होगा, लेकिन पुलिस पर कोई कार्रवाई नहीं होगी। … (व्यवधान) किसी भी सीरियर अफसर पर आज तक कोई भी कार्रवाई नहीं हुई है। … (व्यवधान) बिहार में 37 हत्याओं की जिम्मेदार बिहार सरकार है। … (व्यवधान) इस तरह की 15 से ज्यादा घटनाएं बिहार में हो चुकी हैं, जो मीडिया के सामने हैं। … (व्यवधान) इसके अलावा प्रतिदिन 3-4 व्यक्तियों की हत्याएं होती हैं। … (व्यवधान) पुलिस का कहना है कि हम तुम्हारे पूरे खानदान को जेल भेज देंगे, अगर तुम इस बात को बाहर जारी करोगे तो। … (व्यवधान) मेरा आपके माध्यम से अनुरोध होगा एक तो ...* जी जिस तरह से विधान सभा में बात करते हैं, वे मानसिक संतुलन खो चुके है। … (व्यवधान) केंद्र सरकार को बिहार की कानून व्यवस्था पर संज्ञान लेना चाहिए। … (व्यवधान) इन 37 हत्याओं की जिम्मेदार महागठबंधन की बिहार सरकार के ऊपर शीघ्र कार्रवाई भी करनी चाहिए और उन पुलिस अफसरों पर कार्रवाई करनी चाहिए, जो शराब बेचने वाले हैं। वे सैकड़ों करोड़ रुपयों के मालिक हो गए हैं। … (व्यवधान) शराब का धंधा पुलिस प्रायोजित है। … (व्यवधान) पुलिस 10,000 करोड़ रुपये कमा चुकी है। … (व्यवधान) इन सभी पर और मुख्य मंत्री पर कार्रवाई होनी चाहिए। … (व्यवधान) मेरी आपके माध्यम से सरकार से यह मांग है। … (व्यवधान)

माननीय सभापति: जो भी माननीय सदस्य इस विषय के साथ स्वयं को संबद्ध करना चाहते हैं, वे कृपया पर्ची सभा पटल पर भेज दीजिए।

राहुल कास्वां जी।

… (व्यवधान)